# राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक

NAAC, Accredited 'B++' Grade College

GOVT. P.G. COLLEGE FOR WOMEN
KNOW THYSELF
आत्मानम् विद्धि
ROHTAK

वार्षिक पुरस्कार–वितरण समारोह के अवसर पर
प्राचार्या श्रीमती सविता परूथी

द्वारा प्रस्तुत

# वार्षिक प्रतिवेदन

2022-23

मुख्य अतिथि :

**प्रो0 राजवीर सिँह**

कुलपति

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय
रोहतक

# राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

**(वार्षिक प्रतिवेदन : 2022-23)**

परम आदरणीय, **प्रो. राजबीर सिंह जी,** कुलपति, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक व डॉ. गुलशन लाल तनेजा रजिस्ट्रार, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक, सम्मानित अतिथिगण, प्रबुद्ध पत्रकार बंधु, मेरे सहयोगीवृंद एवं प्रिय छात्राओ! आज महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में आपको अपने मध्य पा कर हम अत्यन्त गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। मान्यवर, मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ। वैसे तो आपका सादगी से परिपूर्ण भव्य व्यक्तित्व ही आपकी पहचान है तथा किसी औपचारिक परिचय का मोहताज नहीं है लेकिन फिर भी सभा की परम्परा का निर्वहन करते हुए आपके जीवन्त, प्रेरणादायी एवं जुझारू व्यक्तित्व के कुछ पक्ष जो हमारी युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय हो सकते हैं, उनसे आपको परिचित कराना मैं अपना पुनीत कर्त्तव्य समझती हूँ।

कुलपति महोदय! आपके पास एक लंबा शैक्षणिक, प्रशासनिक और व्यवसायिक अनुभव है। आपने प्रशासनिक और शैक्षणिक सुधारों, मूल्य आधारित शिक्षण और अधिगम से संस्था को और अधिक पारदर्शी, प्रासंगिक और सुलभ बना दिया है। जिससे महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय राज्य का श्रेष्ठ नोडल सेंटर बन गया है। कुलपति के रूप में आपके कार्यकाल के दौरान, विश्वविद्यालय को A+ ग्रेड प्राप्त हुआ और एम.एच.आर.डी. द्वारा आपको 'ग्रीन मेंटर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। आप विभिन्न विश्वविद्यालयों में कई अकादमिक और प्रशासनिक पदों पर रहें हैं जिसका विवरण इस प्रकार है:-

मान्यवर, आप पं0 लखमीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफार्मिंग एंड विजुअल आर्ट, रोहतक में मार्च 2018 से फरवरी 2020 तक कुलपति रहे। आपने संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में प्रोफेसर और निदेशक के रुप में सेवाएँ दी। आप विभिन्न विश्वविद्यालयों की यू.जी.सी. एक्सपर्ट कमेटी के अध्यक्ष रहे हैं। दिनांक 23 जून 2016 को आप स्वयंप्रभा परियोजना के अन्तर्गत 32 DTH शैक्षिक प्रसारण हेतु 10 यू.जी.पी.जी. विषयों के चैनलों के लिए राष्ट्रीय समन्वयक के रुप में नामित हुए। आपके कार्यकाल में इनफ्लिबनेट, उच्चत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों/विश्वविद्यालयों के साथ सांझी परियोजनाओं पर हस्ताक्षर किए गए।

आपने पारम्परिक शिक्षा में मूक्स आधारित यू.जी.सी. क्रेडिट फ्रेमवर्क के विकास में योगदान दिया। आपने सी.ई.सी. की प्रतिष्ठित एवं व्यापक रूप से प्रसारित मासिक न्यूजलेटर के मुख्य सम्पादक के रूप में उच्च सूचनापरक एवं समृद्ध सूचना प्रोद्योगिकी से युक्त आलेखों को सम्मिलित किया। एम.एच.आर.डी. के नेतृत्व में उच्च शिक्षा में डिजिटल पहल के लिए उत्कृष्ट और सराहनीय योगदान के लिए प्रोफेसर सिंह को भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार और प्रशस्तियाँ प्राप्त हुई है।

प्रो0 सिंह को तीन राज्यों-पंजाब, हिमाचल और हरियाणा में मीडिया शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश से ''त्रिवेणी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आपने अपनी विशेषज्ञता और ज्ञान के माध्यम से देश और विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों के सम्मेलनों, प्रशिक्षण केन्द्रों, कार्यशालाओं, पुनश्चर्या पाठयक्रम और सेमिनारों में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों को लाभान्वित कर अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।

माननीय, आपके योगदान और उपलब्धियों की सूची इतनी विस्तृत है कि इस सीमित समय में उसे प्रस्तुत करना असंभव है। योजना और प्रशासन के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र की दिशा और विकास को आकार देने में तथा भारत की शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में आपका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

**परम आदरणीय डॉ. गुलशन लाल तनेजा जी** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में गणित विभाग में प्रोफेसर रहे हैं तथा वर्तमान में 2018 से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत है। आपने शैक्षणिक, प्रशासनिक व अनुसंधान के क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दिया है। आपने विद्यार्थियों के पंजीकरण से लेकर परीक्षा परिणाम तक के कार्य का सुव्यवस्थित संचालन करके अपनी कर्मठता तथा ईमानदारी का परिचय दिया है। आपने बी.एस.सी, एम.एस.सी. में प्रथम, पी.एच.डी. तथा पी.जी.डी.सी.ए. की डिग्री प्राप्त की है व शैक्षिणिक क्षेत्र में आपका 31 वर्ष से अधिक का अनुभव रहा है। इसके अतिरिक्त आपने बी.एस.सी, एम.एस.सी , एम.फिल तथा पी.एच.डी. तक की कक्षाओं का अध्यापन कार्य सुचारू रूप से किया है।

अगर हम आपके प्रशासनिक अनुभव की बात करे तो आपने आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन / डी.सी.सी सेल महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में निदेशक के रूप में कार्य किया। साथ ही साथ आप सात राज्यों के विश्वविद्यालय में केन्द्रीकृत ऑनलाइन प्रवेश के कार्य समन्वयक भी रहे है। आप सदस्य सचिव/अकादमिक परिषद्, कार्यकारी परिषद, खेल परिषद, यूनिवर्सिटी कोर्ट ऑफ महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक के सदस्य रहे हैं। साथ ही साथ आप विभिन्न विश्वविद्यालयों के यूजी, पी.जी.बी.ओ. एस के सदस्य भी रहे है। आप महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के सी.बी.सी.एस बोर्ड, विभागीय अनुसंधान समितियाँ, विभिन्न चयन समितियाँ, निरीक्षण समितियाँ, विभागीय स्तर की समितियाँ, अध्ययन बोर्ड, भौतिक विज्ञान संकाय व हरियाणा और हरियाणा से दूरस्थ विश्वविद्यालय और इनके अतिरिक्त, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद, अकादमिक परिषद् द्वारा गणित 150 से अधिक समितियों के संयोजक रहे है। आपका अनुसंधान के क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव रहा है व 35 से अधिक छात्रों ने आपकी पर्यवेक्षक योग्यता के तहत एम.फिल और पी.एच.डी. की डिग्री प्राप्त की है। आपके 150 से अधिक शोध-पत्र अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके है और 6 पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी है। आपके द्वारा कई सम्मेलनों की अध्यक्षता व विस्तार व्याख्यान दिए गए है।

आपके योगदान और उपलब्धियों की सूची इतनी विस्तृत है कि इस सीमित समय में प्रस्तुत करना असंभव है। मान्यवर, आपकी कर्त्तव्य परायणता, अनुशासन प्रियता का समन्वय आपके व्यक्तित्व का अनुकरणीय पक्ष है। हमें आशा हैं कि आपके सुयोग्य मार्ग दर्शन एवं नेतृत्व में हमारा महाविद्यालय विशेष प्रगति करेगा।

इन शब्दों के साथ मैं पुनः हार्दिक स्वागत करती हूँ। महाविद्यालय परिवार निश्चय ही आपके आगमन से आपका ऋणी रहेगा।

## विद्यार्थी संख्या एंव पाठ्य विषय

हमारे महाविद्यालय में सत्र 2022-2023 में लगभग 6502 छात्राओं ने प्रवेश लिया। जिनमें स्नातक स्तर पर कला संकाय में 2855 तथा विज्ञान संकाय में 1512, गृहविज्ञान संकाय में 92, वाणिज्य संकाय में 899, बी.सी.ए. मे 319, बी.बी.ए. मे 160, पी.जी.डी. सी.ए. में 07, एम.एस.सी. कम्पयूटर में 116 छात्राएँ शिक्षा प्राप्त कर रही है। महाविद्यालय में संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र, भौतिकी विज्ञान एंव कॉमर्स विषयों में ऑनर्स कोर्स की भी व्यवस्था है। महाविद्यालय में एम.ए. हिन्दी में 123, एम.ए. इतिहास में 114, एम.ए. भूगोल में 77 तथा एम.कॉम. में 118, एम.ए. इकोनामिक्स में 107 छात्राएँ शिक्षा प्राप्त कर रही है।

## महाविद्यालय परिसर

इस सत्र में महाविद्यालय में 212 पदों पर 108 नियमित प्राध्यापक/प्राध्यापिका कार्यरत हैं और 02 गैस्ट लैक्चरर, 2 कम्प्यूटर (प्रशिक्षक), 87 एक्टेंशन लैक्चरर कार्यरत है। इस सत्र में श्रीमती सविता परूथी (रसायन विभाग), श्रीमती सुमन (भौतिक विभाग), श्रीमती सीमा जैन (जीव विभाग), श्रीमती अनिल कुमारी(हिन्दी विभाग), श्रीमती संतोष हुड्डा (जुलोजी विभाग) प्राचार्य के पद पर पदोन्नत होकर विभिन्न महाविद्यालयों में गए। इस सत्र में श्रीमती आशा मलिक (प्राचार्या) ने राजकीय महाविद्यालय महम(रोहतक) से स्थानान्तरित होकर इस महाविद्यालय में प्राचार्या के पद कर कार्यभार ग्रहण किया और दिनांक 18.08.2022 को पुनः राजकीय महाविद्यालय महम(रोहतक) में स्थानान्तरित हो गए।

इस सत्र में श्रीमती सविता परूथी प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, दुजाना (झज्जर) ने इस महाविद्यालय में प्राचार्या के पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

इस सत्र में श्रीमती पूनम भनवाला और श्रीमती सुमन प्राचार्य के पद से सेवानिवृत हुए।

इस सत्र में नॉन टीचिंग के 76 पदों पर 01 उपधीक्षिका, 03 लिपिक, 01 जे.एल.ए., 07 प्रयोगशला परिचर, 01 तबला वादक, 01 अनुदेशक टंकण, 01 हॉस्टल अधीक्षका, 01 सिनियर लाईब्रेरियन, 02 लाईब्रेरी परिचर और 05 चतुर्थ श्रेणी नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 01 हॉस्टल अधीक्षिका, 01 रेस्टोरर, 01 जूनियर स्केल स्टैनों, 9 प्रयोगशाला परिचर, 20 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी अनुबन्ध आधार पर कार्यरत है।

इस सत्र में श्रीमती नीलम कुमारी, हॉस्टल अधीक्षिका सेवानिवृत हुई। श्रीमती कृष्ण हुड्डा (उपाधीक्षिका), श्रीमती सुनीता देवी (जे.ले.ए.) श्रीमती मनोरमा(जे.एल.ए.), श्री अमित कुमार(एल.ए.), श्री सतीश कुमार (एल.ए.) श्री रामचरण(एल.ए.) और श्री वरूण शर्मा(तबला वादक) इस महाविद्यालय से स्थानान्तरित होकर विभिन्न महाविद्यालयों में गए।

इस सत्र में श्री कृष्ण लाल, (उपाधीक्षक), श्रीमती दीपा शर्मा (लिपिक), श्री संजय गोयल (जे.एल.ए.) श्री संदीप परमार(एल.ए.) श्री सन्नी(एल.ए.), श्री संदीप दहिया(एल.ए.) स्थानान्तरित होकर इस महाविद्यालय में आए।

इस सत्र में श्री अमित कुमार, श्री सतीश कुमार, श्री रामचरण और श्री सतबीर सिंह एल.ए. के पद से जे.एल.ए के पद पर पदोन्नत होकर इस महाविद्यालय में आए।

## बर्सर

डॉ. फूलकुमार (भूगोल, विभाग) बर्सर के पद पर सुशेभित है व पूर्ण निष्ठा एंव लगन से कर्तव्य निर्वहन कर रहे हैं।

# छात्रवृतियाँ 2022-23

छात्राओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न वर्गो की छात्रवृतियाँ इस वर्ष प्रदान की गई। स्नातक स्तर तक लड़कियों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियाँ:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप (BC) | ☐ | 317 |
| 2. | अनुसूचित जाति के लिए समेकित छात्रवृति और मुफ्त किताबें योजना | ☐ | 859 |
| 3. | स्वतंत्रता सेनानियों के पौत्र-पौत्रियों के लिए समेकित छात्रवृति योजना | ☐ | 02 |
| 4. | यूजी छात्राओं को स्टेट मेरिट स्कॉलरशिप | ☐ | 03 |
| 5. | यूजी/पीजी छात्राओं को स्टेट मेरिट स्कॉलरशिप | ☐ | 13 |
| 6. | हरियाणाा राज्य मेधावी प्रोत्साहन योजना | ☐ | 39 |
| 7. | राष्ट्रीय स्कॉलरशिप (NSP) | ☐ | 498 |
| 8. | स्व. डॉ. सरोजनी देवी मैमोरियल (अवॉर्ड स्कॉलरशिप मनोविज्ञान) | ☐ | 06 |
| 9. | स्व. डॉ० एस.पी. पण्डित मैमोरियल अवार्ड | ☐ | 03 |
| | कुल छात्रवृत्तियाँ | ☐ | 1740 |

महाविद्यालय में छात्रवृत्तियों से सम्बन्धित कार्य नोडल अधिकारी डॉ. सोनिया तथा समिति सदस्य श्री चैन सिंह, डॉ. ममता रंगा, हर्ष व लिपिक सन्नी सिंह बादल के मार्ग दर्शन में किया जाता है।

# रजिस्ट्रार

श्री प्रमोद कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर (वाणिज्य विभाग) रजिस्ट्रार के पद पर सुशोभित हैं व श्री विक्रम के सहयोग से इस कर्तव्य को पूर्ण निष्ठा और लग्न से निभा रहें है।

# राष्ट्रीय पर्व

महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस और गणतन्त्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाए गए। इसके अतिरिक्त सद्भावना दिवस, स्वच्छता, मतदाताओं को जागरूक करवाने हेतू भाषण, बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ अभियान तथा अर्न्तराष्ट्रीय योग-दिवस पर हमारे महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# सांस्कृतिक एंव साहित्यिक गतिविधियाँ

डॉ. नीति अहलावत के कुशल निरीक्षण में तथा समिति के अन्य सदस्यों श्रीमती नरेश कुमारी, श्रीमती नीरज, सुश्री सादिका, श्रीमती नवीन व श्रीमती मीनू के सहयोग से सांस्कृतिक एंव साहित्यिक गतिविधियाँ सुचारू रूप से कार्यरत रही। समिति के द्वारा दिनांक 14-15 अक्टूबर 2022 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसके अंतर्गत हिन्दी काव्य पाठ, हरियाणवी काव्य पाठ, अंग्रेजी काव्य पाठ, संस्कृत काव्य पाठ प्रतियोगिता, ग्लास पेंटिग, लोक गीत, भजन, गीत, गजल, एकल नृत्य, समूह नृत्य आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न संकायों की छात्राओं ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। दिनांक 23-24 जनवरी 2023 को NAAC द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

# OVERALL RESULT FOR SESSION 2021-22

| SR. No. | CLASS | SEM | TOTAL STUDENTS | ABSENT/ UMC/NE/RL | APPEARED | REAPPEAR | PASS | COLLEGE % | UNIVERSITY % | DIFF% | 1ST DIV | 2ND DIV | 3RD DIV |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B.A. PASS | 1 | 721 | 18+2(NE)=20 | 701 | 397 | 304 | 43.36% | 30.85% | 12.51% | 249 | 55 | NIL |
| 2 | B.A. PASS | 2 | 718 | 47 | 671 | 332 | 339 | 50.52% | 34.38% | 16.14% | 286 | 53 | NIL |
| 3 | B.A. PASS | 3 | 672 | 6+1(RL)=7 | 665 | 281 | 384 | 57.74% | 43.70% | 14.04% | 349 | 35 | NIL |
| 4 | B.A. PASS | 4 | 670 | 15 | 655 | 137 | 518 | 79.08% | 54.92% | 24.16% | 444 | 73 | 1 |
| 5 | B.A. PASS | 5 | 657 | 8 | 649 | 193 | 456 | 70.26% | 53.15% | 17.11% | 376 | 80 | NIL |
| 6 | B.A. PASS | 6 | 657 | 15 | 642 | 108 | 534 | 83.18% | 54.62% | 28.56% | 450 | 81 | 3 |
| 7 | B.COM PASS | 1 | 308 | 10 | 298 | 204 | 94 | 31.54% | 33.80% | -2.26% | 66 | 28 | NIL |
| 8 | B.COM PASS | 2 | 308 | 20 | 288 | 174 | 114 | 39.58% | 26.67% | 12.91% | 83 | 31 | NIL |
| 9 | B.COM PASS | 3 | 266 | 4 | 262 | 86 | 176 | 67.18% | 52.58% | 14.60% | 113 | 62 | 1 |
| 10 | B.COM PASS | 4 | 266 | 8 | 258 | 57 | 201 | 77.91% | 53.39% | 24.52% | 163 | 38 | NIL |
| 11 | B.COM PASS | 5 | 296 | 3 | 293 | 79 | 214 | 73.04% | 55.29% | 17.75% | 178 | 35 | 1 |
| 12 | B.COM PASS | 6 | 296 | 4 | 292 | 45 | 247 | 84.59% | 60.06% | 24.53% | 190 | 53 | 4 |
| 13 | B.SC. (NON-MED+MED) | 1 | 418 | 22+5(NE+RLA)= 27 | 391 | 176 | 215 | 54.98% | 43.20% | 11.78% | 203 | 12 | NIL |
| 14 | B.SC. (NON-MED+MED) | 2 | 407 | 58 | 349 | 85 | 264 | 75.64% | 43.84% | 31.80% | 244 | 19 | 1 |
| 15 | B.SC. (NON-MED+MED) | 3 | 360 | 6+1(RL)=7 | 353 | 72 | 281 | 79.60% | 57.31% | 22.29% | 266 | 15 | NIL |
| 16 | B.SC. (NON-MED+MED) | 4 | 352 | 19 | 333 | 37 | 296 | 88.89% | 66.52% | 22.37% | 286 | 10 | NIL |
| 17 | B.SC. (NON-MED+MED) | 5 | 344 | 4+2(NE)=6 | 338 | 43 | 295 | 87.28% | 79.10% | 8.18% | 286 | 9 | NIL |
| 18 | B.SC. (NON-MED+MED) | 6 | 340 | 7 | 333 | 33 | 300 | 90.09% | 73.10% | 16.99% | 287 | 13 | NIL |
| 19 | BCA | 1 | 119 | 4 | 115 | 65 | 50 | 43.48% | 33.63% | 9.85% | 43 | 7 | NIL |
| 20 | BCA | 2 | 118 | 11 | 107 | 67 | 40 | 37.38% | 24.28% | 13.10% | 37 | 3 | NIL |
| 21 | BCA | 3 | 90 | 0 | 90 | 41 | 49 | 54.44% | 45.36% | 9.08% | 39 | 10 | NIL |
| 22 | BCA | 4 | 90 | 1 | 89 | 33 | 56 | 62.92% | 44.26% | 18.66% | 42 | 13 | 1 |

# OVERALL RESULT FOR SESSION 2021-22

| SR. No. | CLASS | SEM | TOTAL STUDENTS | ABSENT/ UMC/NE/RL | APPEARED | REAPPEAR | PASS | COLLEGE % | UNIVERSITY % | DIFF% | 1ST DIV | 2ND DIV | 3RD DIV |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | BCA | 5 | 87 | 2 | 85 | 53 | 32 | 37.65% | 57.05% | -19.40% | 27 | 7 | NIL |
| 24 | BCA | 6 | 87 | 2 | 85 | 29 | 56 | 65.88% | 49.44% | 16.44% | 42 | 14 | NIL |
| 25 | BBA | 1 | 53 | 2 | 51 | 35 | 16 | 31.37% | 33.81% | -2.44% | 14 | 2 | Nil |
| 26 | BBA | 2 | 52 | 2 | 50 | 5 | 45 | 90.00% | 34.06% | 55.94% | 36 | 9 | Nil |
| 27 | BBA | 3 | 49 | Nil | 49 | 2 | 47 | 95.92% | 67.26% | 28.66% | 44 | 3 | Nil |
| 28 | BBA | 4 | 49 | 2 | 47 | 12 | 35 | 74.47% | 53.53% | 20.94% | 24 | 11 | Nil |
| 29 | BBA | 5 | 47 | 1 | 46 | 3 | 43 | 93.48% | 75.72% | 17.76% | 43 | Nil | Nil |
| 30 | BBA | 6 | 47 | 2 | 45 | Nil | 45 | 100.00% | 63.71% | 36.29% | 45 | Nil | Nil |
| 31 | B.SC(HOME SC) | 1 | 33 | 3+1(NE)=4 | 29 | 15 | 14 | 48.27% | 55.36% | -7.09% | 14 | NIL | NIL |
| 32 | B.SC(HOME SC) | 2 | 32 | 3 | 29 | 8 | 21 | 72.41% | 70.37% | 2.04% | 21 | Nil | NIL |
| 33 | B.SC(HOME SC) | 3 | 30 | 1 | 29 | 6 | 23 | 79.31% | 76.09% | 3.22% | 21 | 2 | NIL |
| 34 | B.SC(HOME SC) | 4 | 30 | 1 | 29 | 1 | 28 | 96.55% | 91.30% | 5.25% | 28 | Nil | NIL |
| 35 | B.SC(HOME SC) | 5 | 32 | Nil | 32 | 5 | 27 | 84.38% | 82.86% | 1.52% | 27 | Nil | NIL |
| 36 | B.SC(HOME SC) | 6 | 32 | 1 | 31 | 1 | 30 | 96.77% | 88.41% | 8.36% | 29 | 1 | NIL |
| 37 | BA ECO HONS | 1 | 65 | 3 | 62 | 27 | 35 | 56.45% | 36.09% | 20.36% | 31 | 4 | NIL |
| 38 | BA ECO HONS | 2 | 65 | 3 | 62 | 49 | 13 | 20.97% | 28.13% | -7.16% | 13 | Nil | NIL |
| 39 | BA ECO HONS | 3 | 66 | 2 | 64 | 12 | 52 | 81.25% | 57.74% | 23.51% | 41 | 11 | NIL |
| 40 | BA ECO HONS | 4 | 66 | 2 | 64 | 15 | 49 | 76.56% | 61.90% | 14.66% | 43 | 6 | NIL |
| 41 | BA ECO HONS | 5 | 59 | NIL | 59 | 13 | 46 | 77.97% | 64.07% | 13.90% | 37 | 9 | NIL |
| 42 | BA ECO HONS | 6 | 59 | NIL | 59 | 7 | 52 | 88.14% | 74.25% | 13.89% | 40 | 12 | NIL |
| 43 | BA ENG HONS | 1 | 78 | 3 | 75 | 45 | 30 | 40.00% | 49.15% | -9.15% | 28 | 1 | 1 |
| 44 | BA ENG HONS | 2 | 78 | 7 | 71 | 25 | 46 | 64.79% | 51.95% | 12.84% | 45 | 1 | NIL |
| 45 | BA ENG HONS | 3 | 72 | 3 | 69 | 17 | 52 | 75.36% | 69.90% | 5.46% | 28 | 23 | 1 |
| 46 | BA ENG HONS | 4 | 72 | 3 | 69 | 18 | 51 | 73.91% | 61.22% | 12.69% | 34 | 16 | 1 |
| 47 | BA ENG HONS | 5 | 67 | 1 | 66 | 11 | 55 | 83.33% | 67.86% | 15.47% | 44 | 11 | NIL |
| 48 | BA ENG HONS | 6 | 67 | 1 | 66 | 10 | 56 | 84.85% | 53.57% | 31.28% | 38 | 16 | 2 |
| 49 | BA HINDI HONS | 1 | 60 | 3 | 57 | 45 | 12 | 21.05% | 12.03% | 9.02% | 10 | 2 | NIL |

# OVERALL RESULT FOR SESSION 2021-22

| SR. No. | CLASS | SEM | TOTAL STUDENTS | ABSENT/ UMC/NE/RL | APPEARED | REAPPEAR | PASS | COLLEGE % | UNIVERSITY % | DIFF% | 1ST DIV | 2ND DIV | 3RD DIV |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | BA HINDI HONS | 2 | 60 | 4 | 56 | 34 | 22 | 39.29% | 21.97% | 17.32% | 19 | 3 | NIL |
| 51 | BA HINDI HONS | 3 | 53 | 3 | 50 | 12 | 38 | 76.00% | 48.57% | 27.43% | 28 | 9 | 1 |
| 52 | BA HINDI HONS | 4 | 53 | 3 | 50 | 21 | 29 | 58.00% | 35.24% | 22.76% | 20 | 9 | NIL |
| 53 | BA HINDI HONS | 5 | 53 | 1 | 52 | 16 | 36 | 69.23% | 52.21% | 17.02% | 27 | 9 | NIL |
| 54 | BA HINDI HONS | 6 | 53 | 1 | 52 | 15 | 37 | 71.15% | 32.74% | 38.41% | 32 | 4 | 1 |
| 55 | BSC MATH HONS | 1 | 78 | 2+2(NE)=4 | 74 | 37 | 37 | 50.00% | 46.04% | 3.96% | 36 | 1 | NIL |
| 56 | BSC MATH HONS | 2 | 76 | 5 | 71 | 31 | 40 | 56.34% | 60.07% | -3.73% | 37 | 3 | NIL |
| 57 | BSC MATH HONS | 3 | 70 | 0 | 70 | 34 | 36 | 51.43% | 42.01% | 9.42% | 35 | 1 | NIL |
| 58 | BSC MATH HONS | 4 | 70 | 0 | 70 | 21 | 49 | 70.00% | 62.10% | 7.90% | 47 | 2 | NIL |
| 59 | BSC MATH HONS | 5 | 72 | 0 | 72 | 21 | 51 | 70.83% | 59.51% | 11.32% | 51 | Nil | NIL |
| 60 | BSC MATH HONS | 6 | 72 | 0 | 72 | 39 | 33 | 45.83% | 43.50% | 2.33% | 32 | 1 | NIL |
| 61 | BA PSYCHO HONS | 1 | 58 | 4 | 54 | 32 | 22 | 40.74% | 30.82% | 9.92% | 22 | Nil | NIL |
| 62 | BA PSYCHO HONS | 2 | 58 | 6 | 52 | 16 | 36 | 69.23% | 54.79% | 14.44% | 36 | Nil | NIL |
| 63 | BA PSYCHO HONS | 3 | 56 | 1 | 55 | 6 | 49 | 89.09% | 82.40% | 6.69% | 49 | Nil | NIL |
| 64 | BA PSYCHO HONS | 4 | 56 | 1 | 55 | 9 | 46 | 83.64% | 70.40% | 13.24% | 46 | Nil | NIL |
| 65 | BA PSYCHO HONS | 5 | 56 | 1 | 55 | 12 | 43 | 78.18% | 70.59% | 7.59% | 43 | Nil | NIL |
| 66 | BA PSYCHO HONS | 6 | 56 | 2 | 54 | 12 | 42 | 77.78% | 72.27% | 5.51% | 42 | Nil | NIL |
| 67 | BSC PHYSICS HONS | 1 | 57 | 4 | 53 | 36 | 17 | 32.07% | 34.55% | -2.48% | 17 | NIL | NIL |
| 68 | BSC PHYSICS HONS | 2 | 56 | 7 | 49 | 16 | 33 | 67.35% | 49.69% | 17.66% | 33 | Nil | NIL |
| 69 | BSC PHYSICS HONS | 3 | 49 | NIL | 49 | 5 | 44 | 89.79% | 85.71% | 4.08% | 44 | NIL | NIL |
| 70 | BSC PHYSICS HONS | 4 | 49 | NIL | 49 | 8 | 41 | 83.67% | 77.27% | 6.40% | 41 | Nil | NIL |
| 71 | BSC PHYSICS HONS | 5 | 52 | NIL | 52 | 2 | 50 | 96.15% | 88.33% | 7.82% | 50 | Nil | NIL |
| 72 | BSC PHYSICS HONS | 6 | 52 | NIL | 52 | 5 | 47 | 90.38% | 81.67% | 8.71% | 47 | Nil | NIL |
| 73 | APGDCA | 1 | 26 | 1 | 25 | 3 | 22 | 88.00% | 49.28% | 38.72% | 19 | 3 | NIL |
| 74 | APGDCA | 2 | 26 | 1 | 25 | 3 | 22 | 88.00% | 62.50% | 25.50% | 22 | Nil | NIL |
| 75 | M.SC COMP SC | 1 | 61 | 1 | 60 | 15 | 45 | 75.00% | 63.05% | 11.95% | 41 | 4 | NIL |
| 76 | M.SC COMP SC | 2 | 61 | 1 | 60 | 10 | 50 | 83.33% | 72.30% | 11.03% | 49 | 1 | NIL |

# OVERALL RESULT FOR SESSION 2021-22

| SR. No. | CLASS | SEM | TOTAL STUDENTS | ABSENT/ UMC/NE/RL | APPEARED | REAPPEAR | PASS | COLLEGE % | UNIVERSITY % | DIFF% | 1ST DIV | 2ND DIV | 3RD DIV |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 77 | M.SC COMP SC | 3 | 50 | Nil | 50 | 9 | 41 | 82.00% | 65.96% | 16.04% | 40 | 1 | NIL |
| 78 | M.SC COMP SC | 4 | 50 | 1 | 49 | 3 | 46 | 93.88% | 79.52% | 14.36% | 46 | 0 | 0 |
| 79 | M.COM | 1 | 61 | 2 | 59 | 4 | 55 | 93.22% | 73.26% | 19.96% | 52 | 3 | NIL |
| 80 | M.COM | 2 | 61 | 3 | 58 | 1 | 57 | 98.28% | 83.47% | 14.81% | 57 | Nil | NIL |
| 81 | M.COM | 3 | 60 | 1 | 59 | 5 | 54 | 91.53% | 86.37% | 5.16% | 40 | 14 | NIL |
| 82 | M.COM | 4 | 60 | Nil | 60 | 2 | 58 | 96.67% | 84.52% | 12.15% | 58 | Nil | NIL |
| 83 | M.A HINDI | 1 | 62 | 1 | 61 | 3 | 58 | 95.08% | 74.55% | 20.53% | 45 | 12 | 1 |
| 84 | M.A HINDI | 2 | 62 | 2 | 60 | 3 | 57 | 95.00% | N.A | N.A | 50 | 6 | 1 |
| 85 | M.A HINDI | 3 | 58 | 5 | 53 | 11 | 42 | 79.25% | 74.40% | 4.85% | 42 | Nil | NIL |
| 86 | M.A HINDI | 4 | 58 | 2 | 56 | 5 | 51 | 91.07% | 88.22% | 2.85% | 45 | 6 | NIL |
| 87 | M.A HISTORY | 1 | 60 | 1 | 59 | 23 | 36 | 61.02% | 43.90% | 17.12% | 36 | Nil | NIL |
| 88 | M.A HISTORY | 2 | 60 | 4 | 56 | 9 | 47 | 83.93% | N.A | N.A | 42 | 5 | NIL |
| 89 | M.A HISTORY | 3 | 57 | 1 | 56 | 13 | 43 | 76.79% | 69.00% | 7.79% | 38 | 5 | NIL |
| 90 | M.A HISTORY | 4 | 57 | 3 | 54 | 2 | 52 | 96.30% | 85.45% | 10.85% | 42 | 10 | NIL |
| 91 | M.A ECO | 1 | 59 | 4 | 55 | 25 | 30 | 54.54% | 51.74% | 2.80% | 4 | 26 | NIL |
| 92 | M.A ECO | 2 | 59 | 9 | 50 | 23 | 27 | 54.00% | 58.12% | -4.12% | 26 | 1 | NIL |
| 93 | M.A GEOGRAPHY | 1 | 41 | 1 | 40 | 12 | 28 | 70.00% | 62.00% | 8.00% | 26 | 2 | NIL |
| 94 | M.A GEOGRAPHY | 2 | 41 | 4 | 37 | 6 | 31 | 83.78% | 60.22% | 23.56% | 26 | 5 | NIL |
| 95 | M.A GEOGRAPHY | 3 | 35 | Nil | 35 | 9 | 26 | 74.29% | 49.23% | 25.06% | 26 | Nil | NIL |
| 96 | M.A GEOGRAPHY | 4 | 35 | 1(DTD) | 34 | 4 | 30 | 88.24% | 80.46% | 7.78% | 27 | 3 | NIL |
| 97 | B.COM HONS | 1 | 50 | 1 | 49 | 13 | 36 | 73.47% | 61.33% | 12.14% | 32 | 4 | NIL |
| 98 | B.COM HONS | 2 | 50 | 2 | 48 | 12 | 36 | 75.00% | 66.10% | 8.90% | 33 | 3 | NIL |
| 99 | B.COM HONS | 3 | 52 | 1 | 51 | 5 | 46 | 90.20% | 66.44% | 23.76% | 46 | NIL | NIL |
| 100 | B.COM HONS | 4 | 52 | 1 | 51 | 1 | 50 | 98.04% | 80.13% | 17.91% | 50 | NIL | NIL |
| 101 | B.COM HONS | 5 | 56 | NIL | 56 | 4 | 52 | 92.86% | 74.10% | 18.76% | 51 | 1 | NIL |
| 102 | B.COM HONS | 6 | 56 | Nil | 56 | 3 | 53 | 94.64% | 85.98% | 8.66% | 52 | 1 | NIL |

# वन्दना

छात्राओं की सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष वन्दना पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है जिसके सम्पादक मण्डल के सदस्य निम्न प्रकार से है:-

**मुख्य सम्पादिका :** डॉ. किरण शर्मा

**अनुभाग :** प्राध्यापक/प्राध्यापिका

❖ **सम्पादक मण्ड़ल**

| | | |
|---|---|---|
| हिन्दी अनुभाग | – | डॉ. राजेश कुमार |
| अंग्रेजी अनुभाग | – | श्रीमती मीनू |
| संस्कृत अनुभाग | – | डॉ. रीटा खन्ना |
| विज्ञान अनुभाग | – | डॉ.रेनू बुधवार |
| वाणिज्य अनुभाग | – | डॉ. ममता रंगा |
| महिला प्रकोष्ठ अनुभाग | – | डॉ. मीनू नैन |
| गणित अनुभाग | – | श्रीमती सरिता सहगल |

# हिन्दी साहित्य परिषद

इस परिषद की संयोजिका डॉ. नरेश कुमारी व सहयोगी सदस्यों डॉ. सुमन रानी, डॉ. बलजीत कौर तथा श्री विशाल कुमार के प्रयासों से सत्र 2022-23 में हिन्दी साहित्य परिषद वर्ष भर सक्रिय रही। दिनांक 13 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी विभाग द्वारा अंतर-कक्षीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता मे प्रियंका, ज्योति एंव अंजली ने प्रथम, कीर्ति, अंजू एंव मुस्कान ने द्वितीय तथा अन्नू, संजू एंव मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 14 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय के हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें हमारे महाविद्यालय की छात्रा कोमल ने प्रथम स्थान, महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय झज्जर की अनामिका ने द्वितीय, महाविद्यालय की छात्रा करीना एंव महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय झज्जर की अंकिता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय महाविद्यालय दुजाना की मनीषा एंव रा० महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा की स्वीटी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को प्रतिभा-खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताऐ करवाई गई, हिन्दी कविता पाठ में प्राची, दीक्षा एंव महक ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी कविता में भीनू, अंग्रेजी में प्राची व संस्कृत श्लोकोच्चारण में मीनू प्रथम रही। दिनांक 17 मार्च 2023 को हिन्दी विभाग द्वारा 'हिन्दी सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मौलिक कविता, कहानी, लघु संस्मरण, हास्य-व्यंग्य आदि का लेखन छात्राओं द्वारा किया गया इसमें सोनम प्रथम, भाग्य श्री द्वितीय तथा रिया ने तृतीय, आयुषी एंव आरती ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

# अंग्रेजी साहित्य परिषद्

अंग्रेजी साहित्य परिषद् द्वारा छात्राओं के चहुमुखी विकास के लिए वर्षभर विभिन्न प्रतियोगिताओं व व्याख्यानों का आयोजन करवाया गया। 21.9.2022 को अंत:कक्षीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की प्राची प्रथम, बी.ए. तृतीय वर्ष की इशिता तृतीय स्थान पर रहीं। 31.10.2023 को अंत: कक्षीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का

आयोजन करवाया गया। इसमें बीए अंग्रेजी ऑनर्स तृतीय वर्ष की शालू, बीएससी मैडिकल प्रथम वर्ष की प्राची सिवाच, बीए मनोविज्ञान आनर्स की इशू व बी.कॉम प्रथम वर्ष की प्रिया रही तथा बीए द्वितीय वर्ष की हेमा रानी, बी.एससी. नान-मैडिकल प्रथम वर्ष की साक्षी व बीए अंग्रेजी ऑनर्स तृतीय वर्ष की श्रुति सिंह तृतीय स्थान पर रही। 16.03.2023 को बाल विकास कमेटी, रोहतक की सदस्या श्रीमती बीना कौशिक के द्वारा ''मीडिया के बदलते स्वरूप व समाज पर प्रभाव'' विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया गया। डॉ. रेनू हुड्डा के कुशल नेतृत्व में तथा परिषद् के सदस्य डॉ. सूरजमुखी यादव, डॉ. अभिलाषा रोहिल्ला व श्रीमती मीनू तथा विद्यार्थी सदस्यों के समर्थन से वर्षभर अंग्रेजी साहित्य परिषद् कार्यरत रही।

## भूगोल परिषद

संयोजिका डॉ. अंजू बाला के निर्देशन तथा श्रीमती वंदना, श्री सतीश पंघाल, श्रीमती प्रियंका व श्रीमती हेमलता के सहयोग से भूगोल परिषद वर्षभर सक्रिय रही, 14 अक्टूबर 2022 को पोस्टर निर्माण स्पर्धा करवाई गई। जिसमें 14 छात्राओं ने भाग लिया। 22 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 20 मार्च 2023 को रिमोट सेंसिंग पर नेत्रा संस्थान के सहयोग से व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें 100 छात्राओं ने भाग लिया। 27 मार्च 2023 की एसोसिएसन ऑफ पंजाब ज्योगरफर की सहायता से राज्य स्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजन किया गया।

## मनोविज्ञान विभाग

सत्र के प्रारम्भ में 5 सितम्बर 2022 को वर्तमान व पुरातन छात्राओं द्वारा विभाग में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कविता पाठ व नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये। 22 नवम्बर 2020 को विभाग में अन्तःकक्षीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें मानसिक स्वास्थ्य, विकासात्मक स्तर पर मनोव्याधियाँ, अवसाद व इसका प्रबंधन विषयों पर 10 मॉडल बनाये गये। इसमें जिज्ञासा व मिताली (Psy.HonsIII) का मॉडल प्रथम , इशु व अनु (Psy.HonsII) का द्वितीय तथा शैलवी व इशिता (Psy.HonsIII) का मॉडल तृतीय रहे। 22 नवम्बर 2020 को ही पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिज्ञासा प्रथम, टीना द्वितीय तथा नैन्सी तृतीय रहीं। जिज्ञासा व मिताली ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भी भाग लिया जो राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला में 30 नवम्बर 2022 आयोजित की गई। 24 मार्च 2023 को सिविल अस्पताल में कार्यरत मनोविज्ञान विशेषज्ञ डा. सुमन हुड्डा ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए एक विस्तार व्याख्यान दिया। 5 अप्रैल 2023 को विभाग में एक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी

संयोजिक डॉ. निशा मलिक के निर्देशन में 22.11.2022 को महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान, मनोविज्ञान, कंप्यूटर साइंस व भूगोल विभाग की छात्राओं ने भाग लिया। लगभग 50 टीमों ने अपने मूल विषयों के अनुसार, विभिन्न वर्तमान विषयों पर अपने मॉडल प्रदर्शित किए। दिनांक 30.11.2023 को सर छोटूराम जी.सी.डब्ल्यू. सांपला में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कंप्यूटर साइंस को प्रथम पुरस्कार और भूगोल विभाग को तीसरा पुरस्कार मिला।

## एलुमनी परिषद्

संयोजिका डॉ. सुदेश लाठर, एसोसिएट प्रोफेसर कम्पयूटर विभाग के संयोजन में एलुमनी परिषद् सुचारू रूप से कार्य कर रही है। दिनांक 29 अक्टूबर 2022 को महाविद्यालय में रंगारंग एलुमनी मिलन समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

# गणित परिषद रिपोर्ट

सयोंजिका श्रीमती शालिनी के निर्देशन में गणित परिषद वर्ष भर सक्रिय रही। दिनांक 28 सितंबर 2022 को एक दिवसीय कार्यशाला ' का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख व्याख्याता के रूप में डॉ. अमित सहगल तथा डॉ. राजीव कुमार (पंडित नेकी राम कॉलेज) ने गणित के महत्वपूर्ण विषय 'कैलकुलस तथा अलजेब्रा' पर व्याख्यान दिया। दिनांक 23 नवम्बर, 2022 को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 27 छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्री नरेन्द्र हुड्डा रहे। 22 दिसंबर, 2022 को 135 वें गणित दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुमन द्वारा गणित विभाग में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र का अनावरण किया गया। दिनांक 18 जनवरी, 2023 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 14 छात्राओं ने भाग लिया। 28 फरवरी, 2023 को महर्षि दयानंद विशविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित रंगोली और पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की चार छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कृतिका, बी.ए. द्वितीय ने प्रथम स्थान और रोशनी बी.एस.सी. द्वितीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका, बी.एस.सी. द्वितीय कक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 15 मार्च, 2023 को सृजनात्मक लेखन प्रतियोगिता में 12 छात्राओं ने भाग लिया।

# समाज विज्ञान परिषद्

संयोजिका डॉ. निर्मला कुमारी, डॉ. निशान्त, डॉ. सचिन व डॉ. मोनिका के कुशल निर्देशन में समाज विज्ञान परिषद वर्ष भर सक्रिय रही। दिनांक 8 अक्टूबर 2022 को परिषद् के तत्वाधान में छात्राओं के मध्य प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व A से F तक छः टीम गठित की गई। इस प्रतियोगिता में टीम E से कोमल, कोमल, अंजलि व आरती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, टीम C से सुजाता, गरिमा व रेखा ने द्वितीय व तृतीय स्थान टीम A की स्वीटी, मुस्कान व रवीना ने प्राप्त किया। दिनांक 22 मार्च 2023 को 'शहीदी दिवस' पर परिषद् की ओर से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में मनीषा ने प्रथम, रामभतेरी ने द्वितीय व सिद्धि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# गृह विज्ञान परिषद्

संयोजिका श्रीमती रितू हुड्डा के निर्देशन व श्रीमती पंकज शर्मा, श्रीमती मोनिका नारंग के सहयोग से सत्र 2022-2023 में गृह विज्ञान परिषद् वर्ष भर सक्रिय रही। दिनांक 29 सितम्बर 2022 को पोषण माह के अंतगर्त "मोटापा तथा पी.सी.ओडी." विषय पर व्याख्यान करवाया गया। दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को टैलेंट हेट कम्पीटिशन के अंतगर्त " बोतल एंव ग्लास पेंटिग" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 18 अक्तूबर 2023 को "अर्न थ्रू कुकिंग स्कील" के अन्तगर्त छात्राओं ने विभिन्न व्यंजनों की स्टाल लगाई। दिनांक 25 अक्टूबर 2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में "इंटरनेशनल शेफ डे" का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 1 नवंबर 2022 को हरियाण दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने "हरियाणवी फूड फैस्ट" में भाग लिया। दिनांक 18 फरवरी 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा "रंग बाहर फूल महोत्सव" आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला दिवस तथा होली के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के प्रयोग में "फूड स्टाल" का आयोजन किया गया।

## विज्ञान परिषद्

संयोजिका डॉ. वीना सचदेवा एवं सदस्यों श्रीमती मंजू छिक्कारा, श्रीमती एकता, श्रीमान सोनू, श्रीमती सोनिका, श्रीमती नमिता के सहयोग से वर्षभर सक्रिय रही। 2022-23 के दौरान जैव विविधता दिवस 2022 की थी ''सभी जीवन के लिए एक साझा भविष्य का निर्माण'' पर एक सप्ताह की पोस्टर मेकिंग कार्यशाला का आयोजन, विश्व पर्यावरण दिवस की थीम '' ओनली वन अर्थ'' पर 5 जून 2022 को '' नेशनल ऑनलाइन वीडियोग्राफी प्रतियोगिता'' का आयोजन , पर्यावरण दिवस पर जागरूकता फैलाने और ''पृथ्वी को रहने के लिए एक बेहतर जगह'' बनाने की दिशा में प्रतिभागियों के योगदान को प्रस्तुत करने वाले संदेश को फैलाने के लिए किया गया था।

स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 15 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन तथा 28 सितंबर 2022 को इंटर क्लास साइंस क्विज का आयोजन किया गया। विजेता टीम ने पं. एनआरएस गवर्नमेंट कॉलेज, रोहतक में हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नालॉजी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में इसी टीम को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। और 40,000 रूपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की गई।

जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 10 छात्राओं की एक टीम को शॉर्टलिस्ट किया गया जिसमें हमारी दो छात्रा खुशी बी.एससी. मेडिकल प्रथम और प्राची बीएससी मेडिकल प्रथम का चयन दयाल सिंह कॉलेज करनाल में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा स्टेट कांउसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्लोलॉजी द्वारा किया गया था।

विज्ञान दिवस 2023 को मनाने के लिए विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें 25 फरवरी से 2 मार्च 2023 तक सभी विज्ञान विभागों द्वारा कार्यक्रमों की एक शृंखला आयोजित की गई जिसमें साइंस सोसाइटी ने प्रसिद्ध प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ और प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज झज्जर डॉ. नैया देवगन को पीसीओडी और सामान्य महिला स्वच्छता पर अतिथि व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया। 25 फरवरी 2023 को विज्ञान कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन, 27 फरवरी को रसायन विज्ञान पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने ड्राइंग और पेंटिंग के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। यह आयोजन उनकी रचनात्मकता और विचारों को प्रदर्शित करने वाला सिग्नेचर इवेंट था। इस आयोजन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 पर विज्ञान सप्ताह के समापन को भी चिन्हित किया।

22 मार्च को विज्ञान सोसाइटी में वनस्पति विज्ञान विभाग के सहयोग से किसी भी विज्ञान विषय पर वानस्पतिक रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता एंव रचनात्मक लेखन (मूल लेख/कविता/पहेली, कार्टून) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महारानी किशोरी कॉलेज मे 1 मार्च 2023 को आयोजित इंटर कॉलेज साइंस क्विज प्रतियोगिता में जीसीडब्ल्यू ने पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया और महाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता में हमारी छात्राओं ने द्वितीय व सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में 60158 पुस्तकें हैं। 7141 पुस्तकें बुक-बैंक में है। जो जरूरतमन्द छात्राओं को दी जाती हैं। पुस्तकालय में ओपन शैल्फ सिस्टम है तथा पुस्तकालय कम्प्यूटराइज्ड है। जिससे छात्राएँ एंव प्राध्यापक वर्ग लाभान्वित होता है। पुस्तकालय में Automation का कार्य पूर्ण हो चुका है। छात्राओं के लिए अलग से वाचनालय की भी व्यवस्था है, जिसमें 19 समाचार पत्रों की 38 प्रतियाँ व 28 पत्रिकाओं की 41 प्रतियाँ सुलभ कराई जाती है, वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती गुणवती की देख रेख में पुस्तकालय का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## युवा महोत्सव समिति

सत्र 2022-23 में संयोजिका डॉ. नीलम मंगला तथा समिति सदस्यों के सहयोग से युवा महोत्सव समिति वर्ष भर सक्रिय रही। दिनांक 1 नवम्बर को हरियाणा दिवस पर महाविद्यालय की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति दी और पुरस्कार स्वरूप 5100/- का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। दिनांक 1, 2, 3 दिसंबर 2022 को वैश्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय, रोहतक में क्षेत्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे महाविद्यालय ने भाग लिया तथा छह प्रथम, चार द्वितीय व एक तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। दिनांक 14,15 व 16 जनवरी 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में अन्तर क्षेत्रीय युवा महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय ने 6 पुरस्कार प्राप्त किए। दिनांक 25 से 28 जनवरी 2023 को अन्तर क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेहंदी तथा हरियाणवी नृत्य में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। दिनांक 18 फरवरी 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 'रंग बहार' का आयोजन किया गया जिसमें अर्धशास्त्रीय फिल्मी नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 24 से 28 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता जैन ग्लोबल कैम्पस, बंगलुरू में आयोजित की गई जिसमें मेहंदी प्रथम व हरियाणवी नृत्य द्वितीय स्थान पर रहा।

## वैधानिक साक्षरता प्रकोष्ठ

इस परिषद के संयोजक श्री यशपाल के कुशल निर्देशन में ''वैधानिक साक्षरता'' प्रकोष्ठ वर्ष भर सक्रिय रहा। सितम्बर 2022 में 'इंटरनेशनल डे ऑफ गर्ल्स चाइल्ड' के उपलक्ष्य में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। दिनांक 23 नवम्बर 2022 को काव्य पाठ व निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 10 दिसम्बर 2022 को 'विश्व मानवाधिकार दिवस' के अवसर पर अधिवक्ता उषा गिरहोत्रा द्वारा विस्तार व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेंकिग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 12 जनवरी 2023 को पं0 नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रतियोगिता में स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल पांडे ने कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## प्लेसमैन्ट सैल

संयोजिका डॉ. निशा मलिक व सहयोगी सदस्यों श्री पुष्पदीप डागर, श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री जोगिंद्र सिहं, श्रीमती सविता, श्रीमति संकेत, श्रीमती निर्मला सोनी, श्रीमती मंजू व श्रीमती मीनू के प्रयासों से सत्र 2022-23 में यह प्रकोष्ठ वर्ष भर सक्रिय रहा। दिनांक 3 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय में सेयलर अकेडमी द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण व व्याख्यान का आयोजन किया गया। दिनांक 10 फरवरी 2023 को स्नात्तक व स्नात्तकोतर अन्तिम वर्ष की छात्राओं के लिए 'साफ्ट स्किल' विषय पर एक द्विवसीय कार्यशला का आयोजन किया गया। दिनांक 14 फरवरी 2023 को पं. नेकीराम महाविद्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेले में हमारे महाविद्यालय की 225 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें से 37 छात्राओं ने प्रस्ताव पत्र प्राप्त किया। दिनांक 1 मार्च 2023 को 'प्लेसमैंट सैल' द्वारा दो महत्वपूर्ण विषयों 'प्रशासनिक सेवा IAS' व आई टी क्षेत्र में वर्तमान रूझान व अवसर पर व्याख्यान आयोजित किए गए तथा दिनांक 31 मार्च 2023 को बी.सी.ए (BCA), एम.एस.सी (MSC), बी.एस.सी (BS.c) की छात्राओं ने बढ़- चढ़कर भाग लिया।

## प्रकृति व्याख्या केन्द्र (Nature Interpretation Centre)

सत्र 2022-23 में संयोजिका डॉ. अंजू बाला तथा समिति सदस्यों श्रीमती मंजू छिकारा, श्रीमती प्रियंका दलाल, श्री सतीश पंघाल, श्रीमती अंजू कादियान, श्रीमती सुगंधा मिश्रा व श्रीमती निधि कत्याल के सहयोग से प्रकृति व्याख्या केन्द्र वर्ष भर सक्रिय रहा। दिनांक 18 अक्टूबर 2022 को महाविद्यालय में प्रकृति व्याख्या केन्द्र के तत्वावधान में बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट

प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 71 छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। दिनांक 25 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को वायु प्रदुषण के प्रभाव एंव पर्यावरण प्रबंधन के विषय में विस्तार से बताया गया तथा दिनांक 1 जनवरी 2023 को महाविद्यालय में 'प्लास्टिक मुक्त रैली' आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया।

## पासपोर्ट समिति

सत्र 2022-23 में संयोजक डॉ. कुलदीप सुहाग तथा समिति सदस्यों श्री पुष्पदीप डागर, श्री भूपेन्द्र अहलावत, श्री निशांत सैनी, श्रीमती योगिता हुड्डा, श्रीमती नविता, श्रीमती राधा राठी, श्रीमती रूचि, श्रीमती सुमन श्योरण तथा श्रीमती आरती दलाल के सहयोग से पासपोर्ट समिति वर्ष भर सक्रिय रही। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सत्र 2022-23 में बी.ए. स्नातक व स्नातकोतर की अन्तिम वर्ष की छात्राओं के लिए कुल 397 पासपोर्ट बनवाए गए।

## नेशनल कैडेट कोर

❖ रेनू कुमारी के कुशल नेतृत्व में राजकीय कन्या महाविद्यालय रोहतक की नेशनल कैडेट कोर की 107 छात्राएँ वर्षभर सक्रिय रही।

अ 12 जून से 21 जून 2022 तक मॉडल स्कूल रोहतक में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 47 छात्राओं ने भाग लिया इसमें सेन्य छात्राओं ने समूह नृत्य, टग ऑफ वॉर और फायरिंग में अंजू कौशिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

❖ 21 जून 2022 को महर्षि दयानंद महाविद्यालय रोहतक में योगा दिवस मनाया गया। जिसमें हमारे 60 कैडेट्स ने भाग लिया।

❖ 3 जुलाई 2022 को कैप्टन दीपक शर्मा की पुण्यतिथि पर यूनिट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे 20 कैडेट ने भाग लिया तथा सफल आयोजन में मदद की।

❖ 24 जुलाई 2022 को कैडेट्स द्वारा पौधारोपण किया गया। इसके तहत कैडेट्स द्वारा 50 पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण को बचाने की शपथ ली।

❖ 8 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा अभियान महाविद्यालय द्वारा चलाया गया। जिसमें हमारे 40 कैडेट्स ने भाग लिया। इसके तहत विभिन्न गतिविधियां समूह गान, समूह नृत्य, निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता आदि आयोजित की गई।

❖ 15 अगस्त 2022 को राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक में आयोजित स्वतंत्रता दिवस परेड में 35 सैन्य छात्राओं ने भाग लिया। जिसकी अगुवाई सीनियर अंडर ऑफिसर तनु ने की।

❖ 17 अगस्त 2022 को २ हरियाणा गर्ल्स बटालियन द्वारा गांव बोहर नहर रोहतक में पुनीत सागर अभियान चलाया गया। जिसमें हमारे 25 कैडेट्स ने भाग लिया।

❖ 2 सितंबर 2022 को हरियाणा गर्ल्स बटालियन द्वारा ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रोहित नौटियाल की विजिट करवाई गई। जिसमें हमारे 12 कैडेट्स ने गार्ड ऑफ आनर दिया।

❖ 10 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2022 तक एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप का मोतिहारी बिहार में आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट तनु और मानसी ने भाग लिया।

❖ 28 अक्टूबर 2022 को ब्रिगेडियर हरबीर सिंह का महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में सम्मानित किया गया किया गया। इस समारोह में हमारे 40 कैडेट ने भाग लिया तथा सीनियर अंडर ऑफिसर तनु को बटालियन बेस्ट कैडेट अवार्ड दिया गया।

❖ 31अक्टूबर 2022 को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मोत्सव को एकता दिवस के रूप में मनाया गया तथा महर्षि

दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे 75 कैडेट्स ने भाग लिया।

- ❖ 16 नवंबर से 23 नवंबर 2022 तक वार वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सुनारिया पुलिस अकैडमी में आयोजन किया गया। जिसमें हमारे 10 कैडेट्स ने भाग लिया तथा समूह नृत्य में द्वितीय तथा वॉलीबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ❖ 4 जनवरी से 18 जनवरी 2023 तक बेसिक सकिंग कैंप का पहलगाम जम्मू में आयोजन किया गया जिसमें सार्जेंट खुशी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया तथा अल्फा ग्रेडिंग प्राप्त की।
- ❖ सीनियर अंडर ऑफिसर पलक का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ पलक ने सितंबर से जनवरी माह तक अनेक शिविरों में भाग लिया तथा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गणतंत्र दिवस कैंप के लिए चयनित हुई।
- ❖ 6 फरवरी 2023 को 2 हरियाणा गर्ल्स बटालियन द्वारा तिल्यार लेक पर पुनीत सागर अभियान चलाया गया जिसमें हमारे 15 कैडेट्स ने भाग लिया।
- ❖ 15 फरवरी 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती मनाई गई। इसमें हमारे 50 कैडेट्स ने भाग लिया।
- ❖ 21 से 22 फरवरी 2023 को महाविद्यालय में आयोजित स्पोर्ट्स मीट में कैडेट्स ने मार्च पास्ट में भाग लिया तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ❖ 4 मार्च 2023 को शहीद कैप्टन दीपक शर्मा की याद में डबल पार्क में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें हमारे 15 कैडेट्स ने भाग लिया तथा कैडेट मानसी ने रक्तदान किया।
- ❖ 9 मार्च से 20 मार्च 2023 तक आर्मी अटैचमेंट कैंप अंबाला में आयोजित किया गया। जिसमें हमारे 6 कैडेट्स नैंसी, प्रियंका, रेनी, जीगीसा, प्रिया, भारती ने भाग लिया तथा बास्केटबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ❖ 22 मार्च 2023 को महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें हमारे 60 कैडेट्स ने भाग लिया तथा विद्यालय प्रांगण और आसपास के इलाके की सफाई की गई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सत्र 2022-23 में महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' की चार इकाइयाँ डॉ. रीना, श्रीमती प्रियंका, डॉ. रीटा खन्ना व श्रीमती नवीन कुमारी के नेतृत्व में वर्ष भर सक्रिय रही। इनके नेतृत्व में 400 स्वयंसेविकाएं है। दिनांक 14 से 31 जुलाई 2022 तक महाविद्यालय व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय की स्वंयसेविकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अनेक स्थानों पर पौधारोपण किया। 26 जुलाई 2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में 'कारगिल विजय दिवस' मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय से 10 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।

दिनांक 2 अगस्त से 15 अगस्त तक महाविद्यालय प्रांगण में 'हर घर तिरंगा' महोत्सव मनाया गया जिसमें NSS (P.O.) के साथ-साथ महाविद्यालय की चारों इकाइयों की स्वंयसेविकाओं ने भाग लिया। दिनांक 30 सितंबर 2022 को म.द.वि. रोहतक में PFMS ट्रैनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें चारों यूनिट्स की P.O ने भाग लिया। दिनांक 11-12 अक्टूबर 2022 को म. द.वि., रोहतक द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में छः स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। दिनांक 31 अक्टूबर 2022 को म.द. वि. द्वारा आयोजित 'Run For Unity' प्रोग्राम में 60 स्वंयसेविकाओं ने भाग लिया।

NSS की चारों यूनिट्स ने दिनांक 19 नवंम्बर 2022 को महाविद्यालय प्रांगण में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया। इस दिन रानी लक्ष्मीबाई जयंती के उपलक्ष्य में एक रैली का आयोजन किया गया। दिनांक 8 जनवरी से 14 जनवरी 2023

तक महाविद्यालय में चारो इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ जैसे– विस्तार व्याख्यान, रैली, फर्स्ट एड ट्रेनिंग का प्राथमिक उपचार, मेडिटेशन वर्कशाप व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## भौतिकी विभाग

11 नवंबर 2022 को भौतिक विभाग द्वारा वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महक और प्रिया शर्मा ने प्रथम, दीक्षा और कोमल ने द्वितीय व पुण्य और कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 22 नवंबर 2022 को भौतिक विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे बच्चों ने 25 प्रोजेक्ट बनाएं तथा उनका प्रदर्शन किया। जिसमें गुरबिंद कौर और आशा प्रथम, पुण्य और कशिश द्वितीय, गायत्री और निशा तृतीय स्थाना पर रहे। गायत्री को सर्वश्रेष्ठ व्याख्याता घोषित किया गया। 20 जनवरी 2023 को भौतिकी विभाग द्वारा एनजीपीई एग्जाम का आयोजन किया गया। जिसमें 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा सुनिधि और मोनिका सैंट्रल टॉपर रहे। 21 फरवरी 2023 को भौतिकी ऑनर्स के विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की शोध और तकनीकी प्रयोगशाला का एक दिन का भ्रमण करवाया गया तथा विभिन्न शोध तकनीकों से अवगत करवाया तथा शोध कार्यो के लिए प्रोत्साहित किया। 25 फरवरी 2023 को भौतिक विभाग और विज्ञान सोसायटी द्वारा विज्ञान कविता पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 28 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को ब्रह्मांड के रहस्य से एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म के जरिए अवगत कराया गया। बी.एस.सी. फर्स्ट ईयर छात्रा पुण्य ने नेकी राम कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज विज्ञान क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.एस.सी. फाइनल ईयर ऑनर्स छात्रा गुरबिद कौर ने एमकेजेके कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.एस.सी. फाईनल ईयर ऑनर्स की छात्रा गुरबिद कौर ने एम.के.जे.के. कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## रैडक्रास समिति

संयोजक श्री सतीश पंघाल के निर्देशन तथा समिति सदस्यों श्रीमती सेमी लाज, श्रीमती नीरज कादियान व श्री जोगिन्द्र के सहयोग से यह समिति वर्ष भर सक्रिय रही। महाविद्यालय की रैडक्रास शाखा में 250 स्वंय सेविकाऐं हैं। दिनांक 25 जुलाई 2022 को महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिनांक 27 सितम्बर 2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की तरफ से आयोजित विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों से सम्बंधित एक दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय की 48 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 12 नवम्बर 2022 को 'सड़क सुरक्षा' विषय पर एक रैली का आयोजन किया गया। दिनांक 14 से 18 नवम्बर तक महाविद्यालय में पाँच दिवसीय 'मधुमेह दिवस' मनाया गया। जिसके अन्तर्गत 18 नवम्बर को स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। दिनांक 5 से 12 दिसंबर तक महाविद्यालय में साप्ताहिक 'एड्स जागरूकता दिवस' मनाया गया। इसमें 99 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 7 जनवरी 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 'सड़क सुरक्षा' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय की 20 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 1 फरवरी 2023 को लाईन क्लब, हरियाणा डेंटल और एनिमिया जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 172 छात्राओं व 15 स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। दिनांक 9 फरवरी 2023 को एक दिवसीय ओरिएंटेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 44 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 25 फरवरी 2023 को 'पुनर्जीवित योगा केन्द्र' के सहयोग से महाविद्यालय में स्वास्थ्य जाँच

शिविर का आयोजन किया गया तथा दिनांक 21 मार्च 2023 को महाविद्यालय में एड्स जागरूकता विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## वार्षिक खेलकूद रिपोर्ट

- ❖ संयोजक डॉ. बसंत कुमार के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने वर्षभर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया और विभिन्न पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
- ❖ जून माह में जगन्नाथ यूनिवर्सिटी, जयपुर में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा रिया नारंग ने प्रथम तथा कुसुम लाठर व उमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ सितंबर माह में राजकीय महाविद्यालय सांपला में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा मनीषा ने द्वितीय तथा ईशा व आस्था ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा महाविद्यालय ने ओवर ऑल सेकंड रनर अप की ट्राफी प्राप्त की।
- ❖ अक्टूबर माह में एम.ए. कॉलेज फतेहाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा महक ने 81+ भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी माह में महाविद्यालय की टीम ने राजकीय महाविद्यालया भिवानी में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उपविजेता का खिताब हासिल किया और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रथम व तृतीय स्थान तथा अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ नवम्बर माह में M.K.J.K कॉलेज, रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा पूजा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और इसी माह में कलिंगा भिवानी में आयोजित 14वीं फेडरेशन कप नेट बॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा नेहा ने हरियाणा की तरफ से खेलते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ❖ दिसंबर माह में राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में आयोजित अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ❖ दिसंबर माह में ही महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान, अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और अंतर कॉलेज वूशु प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी माह में कोलकाता पश्चिम बंगाल में आयोजित 35 वी जूनीयर नेशनल नेट बॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ जनवरी माह में नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित वुड बॉल नेशनल विंटर लीग में महाविद्यालय की छात्रा रिया नारंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# संगीत-विभाग

## वार्षिक गतिविधियाँ

सर्योजिका कुमारी डॉ. सादिका के निर्देशन में संगीत विभाग परिषद वर्षभर सक्रिय रही। 10 अगस्त 2022 को 'हर घर तिरंगा' अभियान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने देशभक्ति गीतो की प्रस्तुति देकर प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किये। 15 अक्टूबर 2022 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत गीत, भजन , लोकगीतों की प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किये। 15 अक्टूबर 2022 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत गीत, भजन, लोकगीतो की प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। 25 नवम्बर 2022 को 'अन्तरकक्षीय प्रतियोगिता' आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए।

# सॉफ्ट स्किल एंव अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला

संयोजिका डा. अभिलाषा व श्रीमती मीनू के कुशल निर्देशन में अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला का कार्य सुचारू रूप से चलता रहा। प्रयोगशाला में महाविद्यालय की छात्राओं के व्यक्तिगत विकास एंव संचार कौशल बढ़ाने हेतू 88 छात्राओं का नामांकन किया गया। इन छात्राओं ने अपने खाली समय में सॉफ्ट स्किल एंव संचार कौशल में निपुणता प्राप्त करने के लिए फोक्स तकनीक द्वारा लगाए गए सॉफटवेयर पर नियमित रूप से अभ्यास किया और अपने संचार कौशल को बढ़ाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# ललित कला परिषद् की गतिविधियां

संयोजिका श्रीमती दीपांजलि दयाल के निर्देशन में डॉ. किरण बाला के सहयोग से ललित कला परिषद वर्षभर सक्रिय रही। अगस्त माह में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत रंगोली, झंडा बनाओ व नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सितम्बर माह में अन्तकक्षीय पेंटिग, पोस्टर, रंगोली कोलाज, कले माडलिंग, कार्टूनिंग व बेस्ट आऊट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दिनांक 14.10.2022 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 'चिंगारी' के अंतर्गत दुपट्टा पेन्टिग व छाता पेन्टिग प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमे क्रमश पूजा, अर्षिता व निशा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। छाता पेंटिग में ईशा, आस्था व रिया प्रथम द्वितीय व तृतीय रही। इसी दिन नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित पेंटिग प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की कृतिका प्रथम स्थान पर रही। 19.10.2022 को दिया पेन्टिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 19.11.2022 को जिला चुनाव कार्यालय द्वारा अन्त:कक्षीय रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई। दिनांक 1, 2 और 3 को वैश्य इंजीनीयरिंग महाविद्यालय में क्षेत्रीय युवा उत्सव में क्ले मॉडलिंग में कृतिका प्रथम पोस्टर में द्वितीय, पेंटिग में सुनीता प्रथम व कार्टूनिंग में द्वितीय स्थान पर रही। मेंहदी में नरेन का बेस्ट आऊट ऑफ बेस्ट में इकरा प्रथम रही, रंगोली में अंजली प्रथम व फोटोग्राफी में शालवी द्वितीय स्थान पर रहीं। 5 दिसम्बर 2022 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में कृतिका और इशा क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। 14, 15, व 16 जनवरी को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर क्षेत्रीय युवा महोत्सव में मेंहदी प्रतियोगिता में नरेन प्रथम, फोटोग्राफी में सालवी द्वितीय पोस्टर और कार्टूनिस्ट में कृतिका द्वितीय व क्ले माडलिंग में तृतीय स्थान पर रही। 23 जनवरी को अंबाला में आयोजित अन्त: विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में मेंहदी प्रतियोगिता में नरेन तृतीय स्थान पर रही। दिनांक 13 फरवरी 2023 को जिला स्तर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में कृतिका प्रथम स्थान पर रही। 22 फरवरी

को वॉल पेंटिग प्रतियोगिता करवाई गई। 17 फरवरी को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता में भावना द्वितीय स्थान पर रही। 18 फरवरी 2023 को आयोजित 'रंग बहार' के अन्तर्गत पोट–पेंटिग में द्वितीय व रंगोली में कृतिका प्रथम रही। 21 मार्च 2023 को अन्तर महाविद्यालय सडक सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता में कृतिका प्रथम, आस्था द्वितीय व पायल तृतीय स्थान पर रही। 22 मार्च को वॉल पेंटिग प्रतियोगिता करवाई गई। 8 मार्च 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## छात्रावास

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक में भारती लाडली तथा लाडली एक्सटेंशन तीन छात्रावास है। छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती कविता, मुख्य वार्डन डॉ नीलम मंगला व वार्डन श्रीमती सुमन अहलावत के कुशल सहयोग से छात्रावास के सभी कार्य सुचारू रूप से चलते रहे। भारती छात्रावास में 94, लाडली में 90 तथा लाडली एक्टेंशन में कुल 54 छात्राओं ने प्रवेश लिया है। छात्रावास में पहले 238 सीटे भी पर छात्राओं को प्रवेश दिया गया है।

छात्रावास में छात्राओं की सभी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखते हुए उत्तम गुणवत्ता वाला भोजन, वाटर कूलर, स्वच्छ पानी के लिए एक्वागार्ड व गीजर का उचित प्रबन्ध हैं। छात्रावास में छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए First Aid Box की व्यवस्था है। छात्राओं की सुविधा के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरे व अग्निशामक यन्त्र लगे हुए है। बिजली की सुविधा प्रदान करने हेतु जनरेटर की भी सुविधा है। सत्र 2020–2021 में नया छात्रावास तैयार हुआ। जिसमें लगभग 52 छात्राओं विभिन्न क्षेत्रों जैसे:– एन.सी.सी, एन.एस.एस खेलकूद आदि में बढ़ चढ़कर भाग लेती है।छात्रावास में समय–समय पर छात्राओं का तनाव दूर करने के लिए मेडिटेशन व योग शिविर लगाये जाते है व छात्राओं के मनोरंजन के लिए कॉमन रूम में डिश टी.वी., डी.वी.डी. प्लेयर व वूफर की भी व्यवस्था है।

## वाणिज्य परिषद् एंव योजना अनुभाग

संयोजिका डॉ. रेनु के निर्देशन व श्री सचिन सपरा, कुमारी दलीप कौर, डॉ. ममता रंगा, श्री मती प्रीति बंसल, श्रीमती मोनिका के सहयोग से सत्र 2022–2023 में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिनांक 17.10.2022 को 'कैशलेस इकोनोमी' विषय पर स्लोगन राइटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 25.11.2022 को बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर व्याख्यान करवाया गया। दिनांक 9 फरवरी 2023 इन्वेस्टमैंट व म्युच्युअल फण्ड के द्वारा 'इनवेस्टर अवेयरनस' प्रोग्राम का आयोजन किया गया। दिनांक 23 फरवरी 2023 को ''जॉब अपॉर्चुनिटी इनकास्ट अकाउटिंग'' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। दिनांक 28 मार्च 2023 को ''टेमिंग यूर टैपर थ्रो मेडिटेशन'' विषय पर वर्कशाप का आयोजन किया गया।

## कम्प्यूटर साईंस परिषद

संयोजिका डॉ. सुदेश लाठर के निर्देशन व श्रीमती मोनिका राठी, श्रीमती सुनीता, श्रीमती नीतू के सहयोग से कंप्यूटर विज्ञान विभाग वर्ष भर सक्रिय रहा। दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को ''इंटर पावर प्वांइट प्रेजेंटेशन'' प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 22 नवम्बर 2022 को ''कॉलेज स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी'' का आयोजन किया गया। जिसमें टीमों ने भाग लिया।

दिनांक 25 नवंबर 2022 को ''इंटर क्लास वेब डिजाइन'' प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिनांक 30 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय महिला महाविद्यालय, सांपला में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने भाग लिया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 30 नवंबर 2022 को 'आल इंडिया जाट हीरो मैमोरियल कॉलेज' में ''अन्तर्राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा दिवस'' पर राज्य स्तरीय पावर प्वाइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। दिनांक 24 मार्च 2023 को एक इंटर कॉलेज कंम्प्यूटर साइंस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की टीम ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया।

## महिला प्रकोष्ठ

संयोजिका डॉ. मीनू नैन के निर्देशन व डॉ. निर्मला, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. नीरज, डॉ. पूजा, डॉ. योगिता, डॉ. मन्जू के सहयोग से महिला प्रकोष्ठ वर्ष भर सक्रिय रहा। दिनांक 19 सितम्बर 2022 से ''महिला स्वास्थय समस्या व देखभाल'' पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। दिनांक 27 सितम्बर 2022 को 01 अक्तूबर 2022 तक पाँच दिवसीय''ब्यूटी और वैलनस'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 93 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 06 अक्तूबर 2022 को महिला प्रकोष्ठ की ओर से ''महिला सशक्तिकरण'' पर काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता कोमल, सन्जू, कीर्ति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 7 व 8 अक्टूबर 2022 को क्ले माडलिंग कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें 70 छात्राओं ने भाग लिया। 12 अक्टूबर 2022 को मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय मेंहदी कला में नरेन, खुशी, आरती व रेनुका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। अरेबिक मेंहदी कलां में नीतू प्रथम, पायल द्वितीय , अन्नु व कामिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 54 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 31 अक्टूबर से 7 नवम्बर 2022 तक महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में पांच दिवसीय ''आत्म रक्षा प्रशिक्षण'' का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को महिला सुरक्षा की तकनीकों से अवगत करवाया गया। दिनांक 13 दिसम्बर 2022 को महिला प्रकोष्ठ की ओर से छात्राओं का एक दल दिल्ली भ्रमण के लिए गया। दिनांक 4 फरवरी 2023 को एक दिवसीय कार्यशाला ''आत्मरक्षा के गुर'' का आयोजन किया गया जिसमें आई.पी.एस0 ऑफिसर मेघा भूषण सांपला WWE Wrestler कविता दलाल तथा दिनेश द्वारा आत्म रक्षा के तरीके बताए गए। दिनांक 14 फरवरी 2023 को डॉ. चयनिका स्याल स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा महिला स्वास्थ्य समस्या पर छात्राओं को जानकारी दी गई ''कैरियर कांउसलिंग'' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

दिनांक 14 फरवरी 2023 को ''महिला स्वास्थय समस्या'' पर स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। दिनांक 28 फरवरी 2023 को डॉ. वीनू कादयान स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा PCOS, PCOD की समस्या पर छात्राओं का जानकारी दी गई। दिनांक 14 मार्च 2023 को हरियाणा विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा ''कार्य स्थल पर यौन उत्पीडन'' विषय पर कार्यशाला में छात्राओं का उनके अधिकारों से अवगत करवाया।

## उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ

संयोजिका श्रीमती सुशीला के निर्देशन व श्रीमती सविता, श्रीमती सोनिया, श्रीमती मन्जू, डॉ. सत्यावान जटैन के सहयोग से उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ वर्ष भर सक्रिय रहा। दिनांक 15 नवंबर 2022 को उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के द्वारा व्यापार तरकीब प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 28 मार्च 2023 को ''Women Empowerment through Entrepreneurship : Lesson from Indian Entrepreneurs'' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## मंच संचालन

महाविद्यालय के प्रांगण में वर्षभर आयोजित गतिविधियों में मंच संचालन का उत्तरदायित्व संयोजिका डॉ. किरण शर्मा व डॉ. नीति अहलावत ने कुशलतापूर्वक निभाया।

## वेबपोर्टल

सूचना प्रौद्योगिकीकरण के अन्तर्गत श्रीमती सुमन अहलावत, एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर विभाग के नेतृत्व में महाविद्यालय के वेबपोर्टल का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## सीखो और कमाओं

हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सीखो तथा कमाओ परिषद्' की संयोजिका डॉ. मीनू नैन के निर्देशन व श्रीमती सविता ठाकरान, डॉ. रेणु, डॉ. ज्योति, डॉ. मीनाक्षी, श्रीमती सोनिका, श्रीमती एकता, श्रीमती शम्मी लाज के सहयोग से वर्ष भर सक्रिय रही। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परन्तु मेधावी छात्राओं का चयन कर उन्हे महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में सीखते हुए कमाने का अवसर प्रदान किया गया। इस सत्र (2022-23) में 47 छात्राओं ने इस योजना के अन्तर्गत कार्य किया। इस योजना के तहत 1,50,000/- रूपये की राशि छात्राओं में वितरित की गई।

## धूम्रपान निषेध समिति

संयोजिका डॉ. प्रवीन खत्री व अन्य समिति सदस्यों श्री भूपेन्द्र सिंह, श्रीमती ज्योति हुड्डा, कु. रीना, श्रीमती रोहिणी शर्मा व कुमारी रिदम के सहयोग से यह समिति वर्ष भर सक्रिय रही। सत्र 2022-23 में महाविद्यालय की 1500 छात्राओं को नशामुक्त जीवन व्यतीत करने की शपथ NCB हरियाणा के माध्यम से दिलवाई गई। छात्राओं को समय-समय पर गोष्ठियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया।

## मतदान क्लब

सत्र 2022-23 में संयोजक डॉ. निशांत सैनी व कमेटी सदस्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. भूपेन्द्र कुमार के सहयोग से मतदाता क्लब के अन्तर्गत कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिनांक 19 नवंबर 2022 को जिलास्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 20 नवंबर 2022 को महाविद्यालय में एक दिवसीय विशेष मतदाता कैम्प का आयोजन किया गया। दिनांक 25 जनवरी 2023 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूकता की शपथ दिलायी गयी।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

- डॉ. सुदेश लाठर एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर विभाग ने दिनांक 6 सितंबर 2022 को उच्चतर शिक्षा निदेशालय के तत्वाधान में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। इन्होनें 16 अक्टूबर 2022 को उच्चतर शिक्षा निदेशालय के तत्वाधान में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित हैंडलिंग प्रोग्राम कार्यशाला में भाग लिया तथा दिनांक 30 नवम्बर 2022 को ऑल इण्डिया जाट हीरो मेमोरियल रोहतक के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पावर पॉइंट प्रस्तुती में बतौर जज शिरकत की। दिनांक 21 मार्च 2023 को महर्षि दयानंद विश्वद्यिालय के कम्प्यूटर विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में 'A Comparative Analysis of Racked Sniffers: A Study' विषय पर शोध पत्र भी प्रस्तुत किया।
- डॉ. मीनू नैन, एसोसिएट प्रोफेसर इतिहास विभाग के निर्देशन में एक छात्र व छात्रा का पी.एच.डी में पंजीकरण हुआ है तथा 22 फरवरी 2023 को " Siva on Ancient Coins : A Study " नामक पुस्तक का प्रकाशन हुआ।
- डॉ. अनिता सिंघल, एसोसिएट प्राफेसर रसायन विभाग ने दिल्ली के खालसा कॉलेज विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संकाय विकास कार्यक्रम (19/07/2022 से 28/07/22) में भाग लिया। 24 सितम्बर 2022 को जी.जी.डी. एस.डी. कॉलेज पलवल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- श्रीमती ऋतु हुड्डा (एसोसिएट प्रोफेसर) गृह विज्ञान विभाग ने दिनांक 26 से 30 दिसंबर 2022 तक 'Nutritious Diet For Well Being' विषय पर आयोजित पांच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया तथा दिनांक 20 मार्च 2023 को डी. ए.वी. महिला महाविद्यालय कोसली, रेवाडी में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र भी प्रस्तुत किया।
- सत्र 2022-23 में डॉ. किरण शर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग) की पुस्तक "Paradoxical Paradigms in the Poetry of philip Larkin" का विमोचन श्री मनीष ग्रोवर जी के कर कमलों से हुआ।
- डॉ. अभिलाषा रोहिला (एसोसिएट प्रोफेसर) अंग्रेजी विभाग द्वारा सत्र 2022-23 में पी.एच.डी. की डिग्री अंग्रेजी विषय में "Emergency of New Women" शीर्षक के अन्तर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से प्राप्त की।
- डॉ. नीलम रायपुरिया मंगला, ऐसोसिएट प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग ने 2 मार्च 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय व 30 मार्च 2023 को लालनाथ हिन्दु महाविद्यालय में भाग लिया व अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए तथा अन्तर्राष्ट्रीय जनरल ऑफ रिसर्च पब्लिकेशन वॉल्युम 13 व 14 के अंक में आपके दो शोध पत्र प्रकाशित हुए।
- डॉ. निर्मला कुमारी एसोसिएट प्रोफेसर विभाग ने श्री लालनाथ हिंदू कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया व अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. राजेश कुमार, अध्यक्ष हिंदी विभाग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (02/02/23 से 12/2/23 तक) व एक व्यवसायिक विकास कार्यक्रम में भाग लिया। दो राष्ट्रीय व एक अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठियों में अपना शोध- पत्र प्रस्तुत किया। शोध दिशा (जनवरी-मार्च) व संगम शोध (सितंबर2022) पत्रिकाओं में आपके दो शोध-पत्र प्रकाशित हुए।

- डॉ. नरेश कुमारी, सहायक प्राध्यापिका हिन्दी विभाग ने दिनांक 8 अक्टूबर 2022 को ब्रिगेडियर रणसिंह राजकीय महाविद्यालय, दुजाना में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया। इन्होनें दिनांक 2 फरवरी 2023 से 15 फरवरी 2023 तक भगतफूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर द्वारा आयोजित पुनश्चर्या (रिफ्रेशर कोर्स) पाठ्यक्रम में भाग लिया तथा दिनांक 29 मार्च 2023 को लालनाथ हिन्दू कॉलेज, रोहतक द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में 'वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी भाषा का महत्व' विषय पर शोध पत्र भी प्रस्तुत किया।
- डॉ. मिनाक्षी, सहायक प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग ने यू.जी.सी. स्वीकृत कार्यक्रम एन.ई.पी. 2020 में 7 नवम्बर 2022 से 16 नवम्बर 2022 तक भाग लिया। 28 जनवरी 2023 को रा. महा. सिवानी, भिवानी व 4 फरवरी 2023 को रा.महा. बडौता में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठियों में अपने शोध –पत्र प्रस्तुत किए।
- डॉ. सुमन रानी सहायक प्रोफेसर हिंदी विभाग ने 8 अक्तूबर 2023 व 31 अक्तूबर 2023 को राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया व अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। बी.पी.एस महिला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया। 18 मार्च 2023 को महिला महाविद्यालय, झोझू कलां, चरखी दादरी में आयोजित एक द्विवसीय अन्तराष्टीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. बलजीत कौर सहायक प्रोफेसर हिंदी विभाग ने रामानुजन कॉलेज, दिल्ली द्वारा आयोजित साप्ताहिक संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) में भाग लिया तथा 4 फरवरी 2023 को राजकीय महा विद्यालय, बरोटा, गोहाना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. सुषमा सहायक प्राध्यापिका, गणित विभाग ने जून 2022 में Ph.d की उपाधि प्राप्त की ।
- डॉ. सुषमा व कुमारी रीना सहायक प्राध्यापिका, गणित विभाग ने जुलाई 2022 में पांडुचेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 14 दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रिफ्रेशर कोर्स) में भाग लिया।
- लेफ्टिनेंट रेनू सहायक प्राध्यापिका, भौतिकी विभाग ने 27 नवंबर 2022 को शिक्षा मंत्री द्वारा A.N.O (Associate NCC officer) का आवार्ड प्राप्त किया।
- श्रीमती नेहा सहायक प्राध्यपिका भौतिकी विभाग ने दिनांक 8 स 10 दिसंबर 2022 तक आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इन्होनें दिनांक 22 से 24 दिसंबर 2022 तक द्वितीय अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन में 'Advance Material and Nanotechnology Moral' विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। दिनांक 30 जनवरी से 3 फरवरी 2023 तक अमेटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया तथा दिनांक 14 फरवरी 2023 को कमला नेहरू महाविद्यालय, नागपुर द्वारा आयोजित अन्तराष्ट्रीय वेबीनार में भ भाग लिया। दिनांक 16–17 फरवरी 2023 को 'CSIR-NPL, Delhi' द्वारा बेसिक मेट्रोलॉजी पर आयोजित आनॅलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लिया।
- श्रीमती पूजा सहायक प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग ने रामानुजन विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (06/02/23 से 20/02/23तक) में भाग लिया। 16 मार्च 2023 को रा. महा. दुबलधन व द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया व अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. सादिका सहायक प्रोफेसर संगीत विभाग ने 10 मार्च 2023 को महर्षि दनयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से पी.एच. डी. की उपाधि प्राप्त की व मैम्बर ऑफ यू.जी बोर्ड ऑफ स्टीडीज इन म्यूजिक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय चयनित हुई।

- डॉ. पंकज शर्मा, श्रीमती मोनिका रानी व डॉ. प्रिंसी कत्याल सहायक प्राध्यापिका गृह विज्ञान विभाग ने दिनांक 26 से 30 दिसंबर 2022 तक 'Nutritious Diet For Well Being' विषय पर आयोजित पांच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया तथा दिनांक 20 मार्च 2023 को डी. ए.वी. महिला महाविद्यालय कोसली, रेवाड़ी में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र भी प्रस्तुत किया।

## हमारी आवश्यकताएँ

- महाविद्यालय में प्राध्यापकों की संख्या देखते हुए मात्र छः आवासीय भवन है जो अत्यन्त कम है एवम् जर्जर अवस्था में हैं।
- छात्राओं के आपातकालीन उपचार के लिए डॉक्टर व नर्स की आवश्यकता हैं।
- महाविद्यालय में छात्राओं के सम्पूर्ण विकास के लिए विभिन्न उच्चत्तर कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक ऑडिटारियम का होना अति अनिवार्य है।
- Water - Booster, Hot Line Connection, छात्राओं के लिए कॉमन रूम, सेमीनार कक्ष, कांफ्रेंस कक्ष की भी अत्यन्त आवश्यकता है।
- महाविद्यालय के बाहर अधिक यातायात की आवाजाही होने के कारण छात्राओं को सड़क पार करने में असुविधा होती हैं तथा दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। अतः Footover Bridge होना अति आवश्यक है।

## आभार ज्ञापन

यह हमारे लिए अत्यन्त गर्व का विषय है कि प्रो0 राजबीर सिंह कुलपति महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक ने हमारे निमन्त्रण को सहर्ष स्वीकार करके हमें कृतज्ञ किया। आपकी विशद् एवम् व्यापक प्रगतिशील विचारधारा से हमारी छात्राएं निश्चित रूप से लाभान्वित होगी।

मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय उच्चतर शिक्षा आयुक्त एवं निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ। रोहतक मण्डल के आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान तथा भवन, विद्युत एवम् जल के समस्त अभियन्तागण, एस.डी.ओ. तथा जे.ई हमारे आभार के पात्र है।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कुशलतापूर्वक निभाने के लिए डॉ. नरेश कुमारी हिन्दी विभाग एवं डॉ. सुमनरानी, डॉ. बलजीत कौर, श्रीमती किरण वर्मा व डॉ. सुनीता का भी हार्दिक धन्यवाद करती हूँ। इसके अतिरिक्त मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवम् परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

अन्त में, मैं एक बार पुनः आज के समारोह के मुख्य अतिथि महोदय विशिष्ट अतिथि महोदय एवम् उपस्थित महानुभावों का हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ।

**श्रीमती सविता परुथी**
एच.ई.एस-I
प्राचार्या
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

GOVT. P.G. COLLEGE FOR WOMEN
KNOW THYSELF
आत्मानम् विद्धि
ROHTAK

## ''सदभावना शपथ''

''मैं सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञा करती हूँ कि देश की आजादी तथा एकता बनाए रखना और उसे मजबूत करने के लिए समर्पित होकर कार्य करूँगी। मैं यह भी प्रतिज्ञा करती हूँ कि कभी हिंसा का सहारा नहीं लूंगी तथा धर्म, भाषा क्षेत्र से सम्बन्धित भेदभाव, झगड़ों और राजनीतिक या आर्थिक शिकायतों का निपटारा शान्तिपूर्ण व संवैधानिक तरीकों से करने के लिए प्रयास करती रहूँगी।''

